
# २. शिल्प

## कागज के काम :



कागज काटना, फाड़ना, मरोड़ना, तह करना, लपेटना, चिपकाना यह हमें हमेशा ही पसंद आता है !

चलो, फिर हम कागज से अच्छी-अच्छी वस्तुएँ बनाएँ । इसके लिए हमें रंगीन कागज, कैंची, गोंद आदि सामग्री लगेगी ।

### कागज के फूल बनाएँ



- कागज की एक पट्‌टी (२० X २ सेमी) लो ।
- कागज के दो तह करके पेंसिल से रेखा खींचो ।
- पट्‌टी को नीचे की ओर से रेखा तक कैंची से काट लगाओ । (आकृति देखें)
- अब पट्‌टी लपेटो और ऊपर से नीचे बाहरी परत को मोड़ो ।
- तैयार हुए फूल को पत्ते और खपची लगाओ ।



तैयार हुए फूल को भेंटकार्ड पर भी चिपकाया जा सकेगा । ऐसे विविध रंगों के फूल तैयार करो ।















## मिट्टी के काम :

मिट्टी में खेलना, मिट्टी एकत्रित करना, छानना, भिगोना, मिट्टी गूँथना हमें हमेशा से ही अच्छा लगता है । चलो फिर हम मिट्टी से अच्छी वस्तुएँ बनाएँ । इसके लिए हमें मिट्टी, चलनी, पानी आदि सामग्री लगेगी ।







◆ उदाहरण के रूप में मिट्टी की वस्तुएँ दी गई हैं । प्लास्टीसिन मिट्टी की कुछ वस्तुएँ नमूने के रूप में दी गई हैं । विद्‌यार्थियों को उनकी पसंद के अनुसार वस्तु तैयार करने के लिए कहें ।